Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 07-12-2005

Participants : Manoj Kumar Shri

an>

Title : Need to expedite completion of pending irrigation projects in Palamu region, Jharkhand.

श्री मनोज कुमार (पलामू) : महोदय, बिहार विभाजन के बाद झारखंड राज्य में अवस्थित अनेक सिंचाई परियोजना जो निर्माणाधीन थे, दोनों राज्यों के परिसंपत्तियों के बंटवारा विवाद के कारण लंबित हैं। इसमें पलामू प्रमंडल के उतर कोयल परियोजना, मोहम्मदगंज वराज परियोजना, बटाने सिंचाई परियोजना इत्यादि अन्य योजना भी शामिल है। जैसा कि ज्ञात है पलामू प्रमंडल पिछले पांच सालों से लगातार सुखाड़ ग्रस्त होता रहा है। इस परिस्थिति में इन परियोजनाओं को लंबित रहने से पलामू प्रमंडल के किसानों को व्यापक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

अतः जल संसाधन मंत्री से आग्रह है कि राज्य बंटवारा विवाद में लंबित परियोजनाओं पर शीघ्र निर्णय दिया जाये, जिससे कि निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं को जल्द पूरा कर किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराया जा सके।